एक नजर में

खेलो इंडिया अस्मिता पेंचक सिलाट वूमेन 'एस स्टेट लीग का हुआ उद्घाटन

मंदसौर। जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष विजय कोठारी ने बताया कि 29 मार्च 2026 को कौशल्या रिसोर्ट में खेलो इंडिया अस्मिता पेंचक सिलाट वूमेन 'एस स्टेट लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंदसौर नगर पालिका अध्यक्ष राम देवी गुर्जर कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष चरण राजपाल विशेष अतिथि वाय डी नगर थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सचिव शाहिद चौधरी खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, मध्य प्रदेश पेंचक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष अबरार अहमद सचिव अभय श्रीवास मंचासीन थे। सभी अतिथियों ने बाहर से आए कोच मैनेजर को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन जिला खेल अधिकारी खेल और युवक कल्याण विभाग विजेंद्र देवड़ा ने दिया कार्यक्रम की रूपरेखा मध्य प्रदेश पेंचक सिलाट एसोसिएशन के सचिव अभय जी श्रीवास ने बताइए। अतिथियों का स्वागत सैयद आफताब आलम, असलम खान, सुनील हीवे ग्वाला, अशोक जी गहलोत, कमलेश जी डोसी, धर्मेंद्र सिंह रानेरा हितेश सालवी, शाहिद हुसैन, दीनदयाल भावसार, संजय चौहान ने किया आभार सैयद आफताब आलम ने माना।

नगर को विकास के पथ पर अग्रसर करने वाला बजट : गुर्जर

मंदसौर। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने बजट के उपरांत बजट पर अपनी प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट नगर को विकास के पथ पर अग्रसर करने वाला बजट है। नगरपालिका ने इस बजट में विकास कार्यों की जो सौगाते दी है उससे मंदसौर नगर निश्चित रूप से विकास के पथ पर अग्रसर होगा और नगर में विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। मंदसौर नगरपालिका का बजट में 15 करोड़ रू. की राशी गीता भवन निर्माण, हेतु रखी गई है, सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत नगर में विभिन्न विकास कार्यों हेतु 30 करोड़ का प्रावधान किया गया है तेलिया तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु ढाई करोड़ रू. मंदसौर नगर में पांच स्थानों पर महिलाओं के लिये पिंक टायलेट (सुविधाघर) के निर्माण के लिये भी राशी रखी गई है नगरपालिका के द्वारा नये कम्यूनिटी हाल के निर्माण की योजनाएं बनाई गई है। इसके लिये पांच करोड़ रू. की राशी का प्रावधान किया गया है। कालाभाटा बांध पर नये पिकनिक स्पॉट क निर्माण हेतु 2 करोड़ रू., उत्कृष्ट उद्यान निर्माण हेतु 4 करोड़ रू. निकाय के भवनों पर सौर उर्जा संचालन हेतु 50 लाख रू. प्रावधान किया गया है। यह सभी प्रावधान नगर में विकास को गति देने वाले है।

जैन समाज युवा प्रकोष्ठ ने निकाली भव्य वाहन रैली

युवाओं ने उत्साह के साथ की सहभागिता

मंदसौर। सकल जैन समाज युवा प्रकोष्ठ के द्वारा सोमवार को भव्य वाहन रैली निकाली गई। सकल जैन समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में निकाली इस भव्य वाहन रैली में बड़ी संख्या में जैन समाज के युवाजन शामिल हुये।

राजेन्द्र विलास जीवागंज से प्रारंभ हुई यह वाहन रैली नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण कर पुन: नयापुरा रोड़ स्थित श्री माहेश्वरी भवन पहुंची। इस वाहन रैली को सकल जैन समाज अध्यक्ष श्री लोकेन्द्र जैन गोटावाला ने जैन ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सकल जैन समाज महामंत्री शेखर कासमा, मनीष सेठी, प्रताप कोठारी कोषाध्यक्ष अनिल जैन नगरीवाला, सकल जैन समाज युवा प्रकोष्ठ महामंत्री कमलेश कटारिया, सकल जैन समाज निवृत्तमान अध्यक्ष जयकुमार बड़जात्या, उपसंयोजक संजय मुरड़िया, अरविन्द मेहता, अशोक मारू, प्रवक्ता विजयेन्द्र फांफरिया, सकल जैन समाज के पूर्व अध्यक्षगण नंदकिशोर अग्रवाल हक्कु भाई, डॉ. राजकुमार बाकलीवाल, प्रदीप कीमती, राजमल गर्ग अंकित, दिलीप लोढ़ा, लोकेन्द्र धाकड़, पूर्व महामंत्रीगण सुनील तलेरा, सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष अनिल जैन एसबीआई, शिक्षाविद डॉ. ज्ञानचंद खमेसरा, प्रो. अशोक अग्रवाल, डॉ. समाजसेवी निर्विकार रातड़िया, डॉ. आशीष खिमेसरा, राकेश दुग्गड़, सोमिल नाहटा, प्रतीक चण्डालिया, मनोहर नाहटा, दिनेश रांका, ईष्टा भाचावत, संजय नाहर, विकास भण्डारी सीए, अंकुश जैन सीए, आनंद नाहर, अशोक जैन चयन, विनोद मेहता, अमित जैन थम्बावाला, भाविक संचेती, प्रणय धाकड़, धीरज कांकरिया, शरद गांधी, अजय फांफरिया, आदिश गर्ग, राजकुमार पाटनी, अनिल जैन सांवरिया, मोहित जैन, अश्विन रातड़िया सहित कई अन्य वाहन रैली में शामिल हुए।

बुराई के पुतले का किया दहन

गरोठ। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भी गरोठ में दशहरा पर्व मनाया जाकर बुराई के प्रतीक रावण के पुतले के दहन की सनातन से चली आ रही वर्षो पुरानी परपंरा के तहत चैत्र नवरात्रि एवं दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में दशहरा मैदान कर पर हजारों लोगों की मौजूदगी में रात्रि 08 बजे से 9.45 बजे तक गरोठ के इस दशहरा पर्व की सबसे भव्य रंगारंग आतिशबाजी के बीच भगवान श्री लक्ष्मीकांत की महाआरती की जाकर श्री राम लक्ष्मण श्री हनुमान का आयोजन समिति अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल सहित समिति के पदाधिकारी सदस्य ने पूजन आरती की गई।

पूजन आरती के बाद श्रीराम ने रावण के पुतले पर बाण चलाकर वध किये जाने के बाद रात्रि के 9.45 बजे बुराई के प्रतिक रावण के पुतले का परपंरा अनुसार दहन किया गया। रावण दहन के पूर्व सदर बाजार गरोठ में स्थित श्री लक्ष्मीकांत मंदिर से भगवान श्री राम श्री लक्ष्मण श्री हनुमान जी की गाजे बाजे के साथ रात्रि 08 बजे भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो गरोठ नगर के प्रमुख मार्गो से होते दशहरा मैदान पर पहुंची थी। शोभायात्रा में आयोजंन समिति के गोकुल सिंह चौहान, दिनेश धनोतिया रविन्द्र पाटीदार पंकज सेठिया किशोरीलाल मांदलिया रमेशचंद्र सेनपुरिया अभय छाजेड़ राजेश काला मनीष मोदी पवन चौधरी बालुसिंह चौहान राधेश्याम सेठिया पार्षद राजु मगर ब्रदीलाल गुर्जर राधेश्याम चौधरी लक्ष्मीनारायण मांदलिया संजय गुप्ता युनिक पप्पु सेन शैलेन्द्र श्रोत्रिय अजय कुमावत पुरुषोत्तम मोदी सहित बड़ी संख्या में जनता शामिल रही।

लोगों ने गुड़ की सेंव का लिया आनंद

रावण के पुतले के दहन के बाद दशहरा मैदान पर सबने दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी गई। दशहरा मैदान पर शानदार मेला भी सजा उपस्थित जनता ने स्वादिष्ट व्यजंनों का भरपुर आनंद उठाया और इस दशहरा पर्व की परपंरा अनुसार सिघाडें की गुड से निर्मित सेव को भी स्पेशल से खरीदी गई।दशहरा के इस आयोजन में गरोठ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में जनता गरोठ के इस दशहरा आयोजन में उपस्थित रही।

निजी अस्पतालों का पंजीयन जरूरी : गर्ग

मंदसौर। कलेक्टर एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति की अध्यक्ष अदिति गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई, जिसमें सड़क सुरक्षा एवं पीएम राहत योजना की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी नर्सिंग होम एवं निजी अस्पताल पीएम राहत योजना में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं, ताकि सड़क दुर्घटना के घायलों को तुरंत उपचार मिल सके। अपंजीकृत अस्पतालों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए गए।

परिवहन विभाग को पुलिस के साथ समन्वय बनाकर नियमित वाहन चेकिंग, फिटनेस व बीमा जांच करने तथा बिना बीमा वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। स्कूल वाहनों की जांच कर रिपोर्ट तैयार करने को भी कहा गया।

नगरीय निकायों को पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन कर ह्वड्डस पोर्टल पर दर्ज करने तथा एनएचएआई को उज्जैन-गरोठ मार्ग पर सुधार कार्य व टोल प्लाजा पर कैशलेस व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा ब्लैक स्पॉट्स पर एंबुलेंस व्यवस्था, खुले कुओं को ढंकने, अवैध खुदाई पर कार्रवाई तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रेट्रो रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एक नजर — **545 करोड़ रू. के अनुमानित बजट को मिली स्वीकृति**

नपा परिषद मंदसौर के वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट स्वीकृत

सभापति बंधवार ने प्रस्तुत किया नपा का बजट

नपा की बजट बैठक में राजस्व समिति की सभापति कौशल्या बंधवार ने बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि सीवरेज योजना प्रथम चरण हेतु 1 करोड़ 55 लाख रु., प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) हेतु मंदसौर नगर में आवासों के निर्माण के लिये 2 करोड़ रु., अमृत योजना 2.0 हेतु 11 करोड़ 11 लाख रु., सिंहस्थ 2028 के पूर्व मंदसौर नगर में विभिन्न विकास कार्यों हेतु 30 करोड़ रु. की राशि बजट में रखी गयी है।

मंदसौर। नगरपालिका परिषद मंदसौर की बजट बैठक सोमवार को नपा सभागृह में आयोजित की गयी। इस बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुमानित आय-व्यय का पूरा ब्यौरा परिषद के सम्मुख रखा गया।

नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रेमकुमार सुमन की उपस्थिति में आयोजित इस बजट बैठक में नपा की वित्त, राजस्व एवं लेखा समिति की सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार ने आगामी वित्तीय वर्ष के बजट के मुख्य बिन्दु परिषद के सम्मुख रखे। लेखापाल गौरव नलवाया ने परिषद के सम्मुख नपा की आय व व्यय का पूरा ब्यौरा परिषद के सामने रखा। नपा की इस बजट बैठक में व्यापक विचार विमर्श के उपरांत 5 अरब 45 करोड़ 38 लाख 17 हजार 300 रुपये के अनुमानित आय, 5 अरब 43 करोड़ 86 लाख 67 हजार 300 रुपये के अनुमानित व्यय को मंजूरी प्रदान की गयी। आगामी वित्तीय वर्ष में 1 करोड़ 51 लाख 50 हजार रु. की बचत संभावित है। इस बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनर्विनियोग बजट को भी रखा गया।

नगरपालिका कार्यालय के ऊपर कम्युनिटी हाल निर्माण एवं नपा भवन में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए राशी रखी है। नपा परिषद के इस बजट में जनता पर वित्तीय भार नहीं पड़े इसके लिये नपा ने सम्पत्तिकर एवं जलकर की दरों में किसी भी प्रकार की कोई वृद्धि नहीं की है। शासन के निर्देशानुसार विकास हेतु सभी वार्डों में जी आई एस सर्वे अनुसार कर वसूली का भी प्रावधान किया गया है। नपा की इस बजट बैठक में राजस्व समिति की सभापति श्रीमती बंधवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार को धन्यवाद दिया। मोदी सरकार के कारण 1989 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सबको मकान उपलब्ध हुआ। मोदी सरकार ने अमृत योजना के अंतर्गत गत वर्ष में भरपूर राशि दी जिसके परिणामस्वरूप सीवरेज योजना, टंकी निर्माण इत्यादि कार्य नगर में हो रहे है। श्रीमती बंधवार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रदेश सरकार के बजट में रामघाट से बायपास मार्ग (प्रतापगढ़ रोड) के चौड़ीकरण एवं सेंट्रल लाईट की सौगात देने के लिये धन्यवाद दिया। राजस्व सभापति श्रीमती बंधवार ने राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन को सांसद व विधायक निधि से नगर के विकास के लिये राशि देने पर धन्यवाद दिया।

नीमच

एक नजर में

नीमच कृषि मंडी में 5 दिन बंद रहेगी नीलामी

नीमच। जिले की कृषि उपज मंडियों में सोमवार से पांच दिनों तक नीलामी कार्य पूरी तरह बंद रहेगा। नीमच, जीरन, मनासा और जावद की सभी मंडियों में यह अवकाश लागू रहेगा। यह फैसला वित्तीय वर्ष की क्लोजिंग और लगातार आ रहे त्योहारों के कारण लिया गया है। मंडी प्रशासन और व्यापारी संघ ने किसानों की सुविधा के लिए पिछले शनिवार और रविवार को विशेष रूप से मंडियां चालू रखी थीं, ताकि आवक का दबाव कम हो सके। मंडी सचिव उमेश बसेड़िया ने बताया कि सोमवार वार्षिक लेखा बंदी के कारण अवकाश रहेगा। मंगलवार को महावीर जयंती का शासकीय अवकाश है। इसके बाद बुधवार, 1 अप्रैल को बैंकों की वार्षिक क्लोजिंग के कारण बैंक कार्य बंद रहेंगे। गुरुवार, 2 अप्रैल को हनुमान जयंती और शुक्रवार, 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे का शासकीय अवकाश होने से इन पांच दिनों में कोई भी व्यापारिक गतिविधि नहीं होगी। पांच दिनों के इस लंबे अंतराल के बाद मंडियों में दोबारा नीलामी कार्य शुरू होगा। किसानों से अपील की गई है कि वे अवकाश की अवधि के दौरान अपनी उपज लेकर मंडी न पहुंचें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष और नपाध्यक्ष की उपस्थिति में में किया नवनियुक्त एल्डरमेनों का स्वागत

नीमच। शासन द्वारा प्रदेश की निकायों में की गई एल्डरमेन (वरिष्ठ पार्षद) की नियुक्ति के तहत नगर पालिका परिषद नीमच में भी 6एल्डरमैन नियुक्त किए गए। नगर पालिका नीमच में नियुक्त नवनियुक्त एल्डर मेन शांतिलाल गुप्ता, शंकर बंसल, लता हरित, आकांक्षा तलरेजा, मनीष बेंस व हरभजन सिंह सलूजा का स्वागत सोमवार 30 मार्च को नगर पालिका कार्यालय स्थित नपाध्यक्ष कक्ष में विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, नपाध्यक्ष स्वातिगौरव चोपड़ा, सीएमओ दुर्गा बामनिया व उपस्थित पार्षदगणो ने भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हेमंत हरित, महेंद्र भटनागर, मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह राणावत, सभापति कुसुम अशोक जोशी आदि की उपस्थिति में मुंह मीठा कराकर गुलदस्ता व पुष्पमाला से किया। इस दौरान विधायक परिहार ने भाजपा जिला अध्यक्ष व राजस्व सभापति वंदना खंडेलवाल, नपाध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा व सीएमओ बामनिया के साथ नगर पालिका कार्यालय की विभिन्न शाखाओ मैं जाकर नवनियुक्त एल्डरमेनो का परिचय भी करवाया व कार्यरत कर्मचारियों से उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक कन्हैया लाल शर्मा, पार्षद रामचंद्र धनगर, दुर्गा शंकर भील, आलोक सोनी, योगेश कविश्वर, शशि कल्याणी, भाजपा पदाधिकारी निलेश पाटीदार, अशोक जोशी, मेहर सिंह जाट, चंद्र प्रकाश तलरेजा, विक्की छाबड़ा, आशीष बेस व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

बारिश-ओले गिरे, पारा 4 डिग्री लुढ़का

कटी रखी गेहूं-मेथी की फसलें भीगीं, किसानों की चिंता बढ़ी

नीमच। जिले में सोमवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। दोपहर में तेज बारिश हुई और कुछ स्थानों पर हल्के ओले भी गिरे। इससे तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जो 35 डिग्री से घटकर 31 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इस बदलाव ने आमजन को गर्मी से राहत दी, लेकिन किसानों के लिए चिंता बढ़ा दी है।

सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे आसमान में बादल छा गए और 1 बजे तक कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बारिश हुई। इसके बाद दोपहर 2 बजे एक बार फिर हल्की बारिश शुरू हो गई, जिससे सड़कों पर वाहनों की गति धीमी पड़ गई।

मौसम हुआ ठंडा-यह मौसमी बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हुआ है। शनिवार को जहां लोग 35 डिग्री की गर्मी से परेशान थे, वहीं सोमवार की बारिश ने मौसम में ठंडक घोल दी।

यह बारिश ऐसे समय हुई है जब खेतों में रबी की फसलों की कटाई और गहाई का काम चल रहा है। जिन किसानों ने गेहूं, मेथी और अन्य फसलें काटकर खेतों में रखी थीं, वे बारिश में पूरी तरह भीग गईं। इससे उपज की गुणवत्ता खराब होने और नुकसान की आशंका बढ़ गई है।

मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते जिले में पहले ही 'येलो अलर्ट' जारी किया था।

विभाग ने तापमान में गिरावट और गर्जना के साथ बारिश का अनुमान जताया था, जो सोमवार को नीमच शहर सहित पूरे अंचल में देखने को मिला। अगले 24 घंटों में भी बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी की संभावना है, जिससे रात के तापमान में भी गिरावट आ सकती है।

आईपीएल शुरू होने के साथ ही सट्टा माफिया एक्टिव...!

नीमच। शहर सहित जिले में क्रिकेट सट्टेबाजी का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। खास कर आईपीएल शुरु होने के साथ ही सटोरियों की गतिविधियां और तेज हो गई हैं। सूत्रों की माने तो भले ही बड़े सट्टा संचालक सामने नहीं आ रहे हों, लेकिन उनके नेटवर्क से जुड़े लोग अलग-अलग इलाकों में सट्टा चला रहे हैं। हालांकि पुलिस द्वारा समय-समय पर कार्रवाई कर कई सट्टा कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन ये लोग दोबारा उसी नेटवर्क को सक्रिय कर लेते हैं। यही कारण है कि इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाना चुनौती बना हुआ है। लगातार कार्रवाई के बावजूद सट्टा माफियाओं में कानून का डर कम होता नजर आ रहा है, जिससे यह समस्या और गंभीर होती जा रही है।

शहर के प्रमुख इलाके नीमच केंट, बघाना, नीमच सिटी जिले सहित मप्र सीमा से लगे छोटीसादड़ी, निम्बाहेड़ा, प्रतापगढ, चितौडगढ सहित सहित कई पॉश कॉलोनियों में किराए के फ्लैटों के जरिए सट्टे का संचालन किया जा रहा है। अब यह नेटवर्क केवल पारंपरिक तरीकों तक सीमित नहीं है, बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और मोबाइल एप्स के जरिए संचालित हो रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि यह अवैध कारोबार युवाओं के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो सकता है, क्योंकि यह उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से प्रभावित करता है। ऐसे में जरूरत है कि पुलिस और प्रशासन सट्टा नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचकर कड़ी कार्रवाई करे, ताकि इस समस्या पर स्थायी रूप से रोक लगाई जा सके और समाज को इसके दुष्प्रभाव से बचाया जा सके।

आईपीएल क्रिकेट शुरु होने के साथ शहर सहित जिले भर में सटोरियों की सक्रिता बढ गई है। लोग चर्चा में कह रहे है शहर सहित जिले भर में सटोरिए सक्रिय हो गए हैं।

क्रिकेट सट्टे के अवैध कारोबार में लाखों की कमाई के लालच में कई नए सटोरिए भी मैदान में उतर आए हैं...! गुमराह युवाओं की गाढ़ी कमाई सट्टे की भेंट चढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि सट्टा कारोबार के जाल में फंस कर कई युवक बर्बाद हो चुके हैं।

एक नजर — **आक्रोशित मायके वालों ने घेरा पुलिस कार्यालय, ज्ञापन सौंपा**

विवाहिता पर तांत्रिक क्रियाएं, मारपीट के बाद घर से निकाला

नीमच। द्वारकापुरी कॉलोनी में विवाहिता से मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और घर का सामान बेचने के आरोपों के बीच पुलिस की निष्क्रियता पर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। सोमवार को परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और कैंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

परिजनों ने बताया कि पीड़िता किरण यादव का विवाह करीब एक साल पहले टीकम यादव से हुआ था। विवाह के बाद से ही सास शांति बाई और जेठ हेमंत यादव व रोहित यादव द्वारा उसके साथ लगातार मारपीट और गाली-गलौज की जा रही थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने शादी में मिले गहने बिना अनुमति बेच दिए और घर का कीमती सामान भी निकाल लिया।

पीड़िता और उसके पति द्वारा विरोध करने पर दोनों को जान से मारने की धमकी दी जाती रही। कुछ दिन पहले सास और जेठों ने दंपति को घर से निकाल दिया और ताला तोड़कर घर का सामान तक बेच दिया। पंखे और कूलर तक खोल ले जाने का आरोप लगाया गया है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि घर में नींबू, राई और राख जैसी वस्तुएं रखकर तांत्रिक क्रियाओं के जरिए डराया-धमकाया जाता था, जिससे दंपति मानसिक रूप से परेशान था।

मारपीट के बाद उठाया आत्मघाती कदम-27 मार्च को जब किरण अपने घर पहुंची, तो आरोप है कि उसके साथ मारपीट की गई और अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। इससे आहत होकर उसने एसिड पी लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत बिगड़ने पर उदयपुर रेफर किया गया है।

3 दिन बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं

परिजनों का कहना है कि घटना को तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। इससे नाराज परिजनों ने ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है।